राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

कल राजभवन में श्री केशरी नाथ त्रिपाठी बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे

पटना, 21 जून 2017

कल 22 जून, 2017 को राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में पूर्वाह्न 11:00 बजे बिहार के नये राज्यपाल के रूप में श्री केशरी नाथ त्रिपाठी का शपथ–ग्रहण सम्पन्न होगा। ज्ञातव्य है कि श्री त्रिपाठी वर्तमान में पश्चिम बंगाल राज्य के महामहिम राज्यपाल हैं, जो अतिरिक्त रूप से महामहिम राज्यपाल, बिहार के कृत्यों का भी निर्वहन करेंगे।

पटना हवाई अड्डे के स्टेट हैंगर में महामहिम राज्यपाल (मनोनीत) श्री केशरी नाथ त्रिपाठी का पटना पहुँचने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार मंत्रीपरिषद् के सदस्यों आदि ने पुष्प–गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल (मनोनीत) श्री त्रिपाठी को स्टेट हैंगर में सलामी भी दी गई।

महामहिम राज्यपाल, बिहार (मनोनीत) के राजभवन पहुँचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ॰ ई॰एल॰एस॰एन॰ बाला प्रसाद ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

....